## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 4 पकड़ाये

**कटनी।** कुठला पुलिस ने जुआ खेलते चार जुआरियों को पकड़ा है। जुआरियों के पास से ताश के पत्ते एवं नगदी रूपये भी बरामद किये गये हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चाका स्थित टपरा के पास कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों के जरिए रुपयों की हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने बताए गए स्थान की घेराबंदी की। पुलिस की अचानक हुई इस दबिश से जुआरियों में हड़कंप मच गया। जुआरियों ने मौके से भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से रोहित साहू 29 वर्ष, निवासी पुरैनी, सूरज वंशकार 29 वर्ष निवासी लमतरा फाटक, संजीत कुशवाहा 33 वर्ष निवासी कन्हवारा, अजय चौधरी 33 वर्ष निवासी चाका को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 52 ताश के पत्ते और जुमला रकम 470 रुपये नगद जब्त किए हैं। पकड़े गए चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### छोटे हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ आज से

**सिलौंडी।** सिलौंडी श्री छोटे हनुमान जी महाराज के चांदनी चौक मंदिर सिंलोड़ी में आज 10 अप्रैल शुक्रवार को 24 घंटे की अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है जिसकी प्रभात फेरी सुबह 7.30बजे बजे से निकलेगी। प्रभातफेरी पूरे गांव का भ्रमण करेगी। अखंड रामायण पाठ के समापन पर 11 अप्रैल को कन्या भोज भंडारे का आयोजन होगा। महिला मंडल ने अधिक संख्या में भक्त की अपील किया है ।

### सड़क हादसों में दो की मौत, तीन हुये घायल

**कटनी।** माधवनगर और बरही थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि रीठी और विजयराघवगढ़ में हुए हादसों में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत पीरबाबा ओवरब्रिज (देवरी कला) के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान स्लीमनाबाद थाना के ग्राम नेगवां निवासी रोहित सिंह 27 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने वाहन क्रमांक MP 21 ZJ 6396 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इसी तरह बरही थाना क्षेत्र में एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए पूनम दहायत 27 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पूनम ने दम तोड़ दिया। दमोह-कटनी रोड पर ग्राम मुहास के पास एक अनियंत्रित ट्राला RJ 09 GD 7797 ने राहगीरों को टक्कर मार दी, जिसमें शिवचरण लोधी और प्यारेलाल लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए। विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम देवराकला मेन रोड पर तेज रफ्तार कार क्रमांक MP 21 CA 3452 ने प्रेमलाल चौधरी को घायल कर दिया।

### देहदान पर 'गार्ड ऑफ ऑनर' के साथ दी गई अंतिम विदाई

**कटनी।** शिवनगर वार्ड नंबर 4 की निवासी कलाबाई कुशवाहा के परिजनों ने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। 70 वर्षीया कलाबाई का गुरुवार सुबह वृद्धावस्था जनित बीमारियों के कारण निधन हो गया, जिसके बाद उनके परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज जबलपुर को दान करने का निर्णय लिया। शोक की इस घड़ी में पति कोदूलाल कुशवाहा और परिजनों ने अपने आध्यात्मिक गुरु संत रामपाल की प्रेरणा से देहदान का संकल्प लिया। परिजनों का कहना है कि इस दान से चिकित्सा क्षेत्र के छात्रों को शोध में मदद मिलेगी, जो अंततः मानवता के ही काम आएगा। सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि चिकित्सकीय प्रमाणीकरण और आवश्यक औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाद, प्रशासन द्वारा पार्थिव देह को सम्मानपूर्वक विदा किया गया। पुलिस विभाग की ओर से स्वर्गीय कलाबाई को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

---

### ढीमरखेड़ा पुलिस ने झारापानी मार्ग में घेराबंदी कर तस्करों को किया गिरफ्तार

# धरे गये तस्कर: 10 लाख रूपए की सागौन लकड़ी सहित वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने सागौन तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में लगभग 10 लाख 45 हजार रुपये मूल्य की सागौन लकड़ी बरामद की गई है। अग्रिम कार्रवाई हेतु वन विभाग को सुपुर्द किया है आपको बता दें किपुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में चोरी, नकबजनी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में यह सफलता प्राप्त हुई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल की रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद पिकअप वाहन में अवैध सागौन लकड़ी भरकर तस्कर पाली क्षेत्र से पिपरिया की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर झारापानी रोड पर घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला। पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने पीछा कर वाहन को ग्राम पिपरिया में एक घर के अंदर खड़ा पाया। मौके से कई तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

तलाशी के दौरान पिकअप (बोलोरो मैक्स) से 10 नग सागौन की सिल्लियां (लगभग 0.434 घनमीटर) बरामद की गई। तस्करी में उपयोग किये गये पिकअप वाहन सहित को जब्त किया गया। सागौन एवं वाहन कुल मशरूका कीमती करीब 10 लाख 45,000 रूपये बरामद किया गया।

#### एक गिरफ्तार, 5 हो गये फरार

सागौन की लकड़ी की तस्करी करने वाले संजय उर्फ संजू ठाकुर, निवासी पिपरिया को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य 5 आरोपी फरार हो गए। पूछताछ के बाद आरोपी को वन विभाग के हवाले कर दिया गया है। रेंज ऑफिस रामपुर में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस एवं वन विभाग फरार तस्करों की तलाश में जुटे हैं।

#### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में पुलिस एवं वन विभाग की टीम का सराहनीय योगदान रहा, जिसमें प्रमुख रूप से थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एएसआई विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक सुब्व्हन यादव, आरक्षक पंकज सिंह, देवेंद्र अहिरवार, अजय सिंह, डिप्टी रेंजर रामकुमेश मिश्रा एवं वनरक्षक दिनेश अंकित रामफल मुकेश अभिषेक वा विभाग की टीम शामिल रही।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में सागौन तस्करों में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---



## जर्जर भवन एवं बाउंड्रीवाल को तुरंत कराएं डिस्मेंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निर्माणाधीन सभी स्कूल भवनों एवं शौचालय को समय-सीमा में पूर्ण करें। जर्जर भवन शौचालय एवं बाउंड्रीवाल को तुरंत डिस्मेंटल करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश गुरूवार को आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

बैठक में डाइट कटनी द्वारा जिले की अकादमिक स्थिति के संबंध में प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण में अकादमिक चुनौतियो एवं उनके समाधान पर चर्चा की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ई-शिक्षा मटेरियल क्यूआर कोड के रूप में सभी विद्यालयों, पालकों एवं विद्यार्थियों के उपयोग के लिए जारी किया गया तथा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा बीआरसी को ई-मटेरियल प्रत्येक शाला को उपलब्ध कराने के साथ उपयोग करने हेतु निर्देश दिए गए। शिक्षक विहीन शालायें एवं स्मार्ट बोर्ड वाली शालाएं इससे विशेष रूप से लाभान्वित होंगी, शिक्षक भी प्रभावी पाठ्य योजना तैयार कर सकेंगे।

बैठक के दौरान जिले में माध्यमिक स्तर तक अपने विद्यालयों में अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने हेतु डाइट कटनी एवं पीपल समूह द्वारा तैयार उत्प्रेरणा बुकलेट का प्रकाशन भी किया गया। शासकीय विद्यालयों में कक्षा 1, कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में लक्ष्य अनुसार प्रवेश, शत-प्रतिशत कक्षोन्नति, एमबीयू पेंडेंसी शालावार निकालकर आधार केंपों या नजदीकी केंद्र से अपडेशन व नवीन आधार के लिए आधार केंपों मे बच्चों की उपस्थिति माह अप्रैल के अंत तक करने का लक्ष्य दिया गया। प्रतिमाह 150 प्रतिशत से अधिक मेंटरिंग, शालाओं व आधार केंपों मे अधिकतम बच्चों की उपस्थिति के निर्देश दिए गए।

---

## बचपन के पहले 6 साल जीवन की सबसे अहम नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



महिला एवं बाल विकास एकीकृत परियोजना बहोरीबंद में विभागीय आदेशानुसार 8 वां पोषण पखवाडा अभियान का आगाज हुआ जो 23 अप्रैल तक चलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर ऊषा सोलंकी ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी केंद्र में शामिल हुई जहाँ ज्वाइंट डायरेक्टर के द्वारा पोषण पखवाडा अभियान की शुरुआत की जिसमे लाभार्थियों को माँ एवं बच्चे को स्वास्थ्य तथा पोषण संबधी जानकारी प्रदान की गयी। ज्वाइंट डायरेक्टर ऊषा सोलंकी ने कार्यक्रम में पोषण पखवाडे को कैसे सफल बनाये, जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिक का अधिकतम विकास ,आंगनवाडी केन्द्रों में आरंभिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त विद्यारम्भ प्रमाण पत्र की शुरुआ तथा बच्चों में स्क्रीन टाइम करने में माता पिता और समुदाय की भूमिका जैसे विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

आंगनवाडी केन्द्र में पोषक व्यंजनों की प्रदर्शनी के माध्यम से माताओं और बच्चों को पोषक एवं संतुलित आहार की जानकारी दी गईं। अपने 3-6 वर्ष के बच्चों को नजदीकी आंगनवाडी केन्द्रों में दाखिला दिलाये ताकि प्रशिक्षित आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों का सर्वांगीकर्ण विकास हो सके। पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने कहा स्वास्थ्य शरीर के लिए पोषण आहार जरूरी है। इसलिए सभी महिलाओं को पोषण आहार का सेवन करना चाहिए। हरि सब्जियों में पौष्टिक होता है। महिलाओं व बच्चों को पोषक आहार लेने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य है कि हर नागरिक को पोषण के बारे में सही जानकारी हो ताकि वह पोषक आहार लेकर स्वस्थ रह सके। उन्होंने कहा कि जब नागरिक स्वस्थ रहेगा तभी देश तरक्की करेगा।

सुपरवाइजर के द्वारा आंगनवाडी केंद्र में 0-6 साल के बच्चों का वजन / लम्बाई मापी गई। पर्यवेक्षक ने पूरे पोषण पखवाड़ा के दौरान प्रतिदिन सभी आंगनवाडी केन्द्रों में तरह-तरह की गतिविधियों का आयोजन करवाया जाएगा। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका ओर महिलाओं की उपस्थिति रही। पोषण पखवाडा अभियान के साथ ज्वाइंट डायरेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पड़वार तालाब पहुंचकर जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई।

---

## भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



उबरा में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बनारस से पधारे कथा वाचक तिलेश्वर नाथ शास्त्री भागवत कथा में रसपान करा रहे है। महाराज ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब पूरा क्षेत्र कंस के अत्याचार से त्राहि त्राहि कर रहा था राक्षसों के अत्याचार और अन्याय से कराह रहा था तब उसके अत्याचार से मुक्ति दिलाने एवं धर्म स्थापना के लिए भगवान स्वयं मथुरा के राजा कंस के कारागार में जन्म लेते है और वासुदेव जी भगवान श्री कृष्ण को गोकुल के नंद बाबा के घर ले जाते है। नंद बाबा के घर जन्मोत्व मनाया जाता है नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकार के साथ पूरा आकाश गुंजायमान हो रहा था। श्रोता गण झूमते,नाचते,गाते फूलों की बारिश कर रहे थे उत्सव में प्रसाद का वितरण किया जा रहा था चारों ओर खुशी की लहर थी भक्तगण भाव विभोर होकर झूमने नाचने लगते हैं चारों ओर खुशी की लहर दौड़ रही थी। एक सप्ताह तक होने वाली श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने आयोजक मंडल के इंद्रभान ,पुष्पा मिश्रा,अर्जुनदास मिश्रा,अनिल मिश्रा ने ग्रामीणों और क्षेत्र वासियों से अपील की है ।

---

## णमोकार मंत्र की गूंज से गुंजायमान हुआ विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



विश्व णमोकार मंत्र दिवस के अवसर पर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में जैन मंदिरों में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। ज्ञान मंगलम पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल तेवरी में भी सर्वप्रथम नमोकार मंत्र की तस्वीर का पूजन अर्चन विद्यालय के प्रबंधक सौरभ जैन एवं प्राचार्य सोहनी जैन द्वारा किया गया। इसके पश्चात सामूहिक लगातार नमोकार मंत्र का उच्चारण विद्यालय में अध्यनरत नन्हे मुन्ने छात्र- छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।

मंत्र उपचार की ध्वनि से पूरे विद्यालय एवं आसपास का वातावरण गूंज उठा। समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को आत्म शांति का अनुभव हुआ। विद्यालय के प्रबंधक सौरभ जैन के द्वारा नमोकार मंत्र का अर्थ समस्त छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को नमोकार मंत्र की विशेषताएं भी बताई गई। प्रबंधक सौरभ जैन ने बतलाया कि विश्व णमोकार दिवस हर साल 9 अप्रेल को मनाया जाता है, जो जैन धर्म के सबसे पवित्र मंत्र - णमोकार महामंत्र - को समर्पित है। यह दिन विश्व शांति, सद्भाव, आत्मशुद्धि और अहिंसा के संदेश को फैलाने के लिए समर्पित है, जिसमें दुनिया भर में करोड़ों लोग एक साथ सामूहिक मंत्र जाप करते हैं। णमोकर मंत्र विश्व में अशांति, हिंसा और युद्ध जैसी स्थितियों को कम करना और मानसिक शांति व करुणा को बढ़ावा देना।इस दिन सामूहिक जाप के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया जाता है।108 से अधिक देशों में जैन समुदाय एक साथ एक स्वर में णमोकार मंत्र का जाप करते हैं, अक्सर सुबह के समय। यह मंत्र अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु को नमन करता है। विभिन्न आयोजनों में छात्र-छात्राओं से लेकर आमजन तक, सभी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

---

### परिवहन विभाग ने कटनी उमरिया मार्ग में चलाया अभियान

## ओवरलोड एवं दस्तावेजों की कमियों पर सात ट्रक एवं दो यात्री बसें की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





जिले में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ प्रशासन का सख्त रुख लगातार जारी है। कलेक्टर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में परिवहन विभाग द्वारा तीसरे दिन भी सघन जांच अभियान चलाया गया, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में यह अभियान कटनी-उमरिया मार्ग और कैमोर रोड पर अचानक दबिश देकर संचालित किया गया। अभियान के दौरान करीब 45 वाहनों की गहन जांच की गई, जिसमें दस्तावेजों की वैधता, फिटनेस, परमिट, ओवरलोडिंग और यात्री सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिया गया। जांच में 9 वाहनों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जब्ती की कार्यवाही की गई। 5 ट्रकों में दस्तावेजों की कमी मिलने पर उन्हें थाना कैमोर में सुरक्षित रखा गया। 2 ट्रक ओवरलोड पाए गए, जिन पर कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया। 2 यात्री बसें बिना वैध परमिट के संचालित होती पाई गईं, जिन्हें जब्त कर थाना कुठला में खड़ा कराया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना परमिट वाहन संचालन और ओवरलोडिंग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने कहा कि जिले में अवैध परिवहन गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी वाहन संचालकों को आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आगे भी इस तरह के सघन अभियान जारी रहेंगे।

---

### शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में हुआ प्रशिक्षण

## विद्यार्थियों को हाइड्रोपोनिक्स का दिया तकनीकी प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्राचार्या डॉ. सरिता पांडे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण जा रहा है।

इसी क्रम में विद्यार्थियों को कृषि विशेषज्ञ द्वारा होइड्रोपोनिक्स का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि बिना मिट्टी के पौधे को पानी के ऊपर उगाने की तकनीक जल संवर्धन या हाइड्रोपोनिक्स कहलाती है। इस विधि में मिट्टी की आवश्यकता नहीं होती। इसमें पौधे के बीज को अंकुरित कर ऐसा रखा जाता है कि उसकी जड़ पानी में झूलती रहे इस स्थिति में पानी को हमेशा साफ रखा जाता है और पानी को बदलते रहना पड़ता है। इस तकनीक में पानी के जरिए ही उसमें खनिज और विटामिन पदार्थ दिया जाता है। पौधों को मिट्टी की पूर्ण अनुपस्थिति में पोषक तत्वों के घोल में उगाया जाता है। यहां जड़ों को स्थिरता देने के लिए मिट्टी को वर्मीक्यूलाइट, रेत, बजरी, परलाइट जैसे रोगाणुहीन माध्यमों से प्रतिस्थापित किया जाता है। इस विधि में सब्जियां, टमाटर एवं स्ट्रॉबेरी आदि का उत्पादन किया जाता है। कृषि विशेषज्ञ ने बताया कि इस तकनीक से फसल के उत्पादन में वृद्धि अच्छी होती है तथा कीट एवं रोग कम लगते हैं। प्रशिक्षण के क्रम में हाइड्रोपोनिक्स सेटअप के अंतर्गत घटक कंटेनर, ग्रो ट्रे, वृद्धि का माध्यम, पोषक तत्व समाधान तथा हाइड्रोपोनिक्स सेटअप के प्रकार, उतार और प्रवाह प्रणाली, पोषक तत्व, फिल्म तकनीक, ड्रिप तथा विक सिस्टम, एरोपोनिक्स तथा हाइड्रोपोनिक्स खेती के लाभ की भी तकनीकी जानकारी दी गई।

हाइड्रोपोनिक्स तकनीक से पौधे उगाने के कई फायदे हैं। पौधे तेजी से बढ़ते हैं, इसलिए उपज अधिक होती है। कहीं भी उगाया जा सकता है।

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व ) बहोरीबंद जिला -कटनी (म. प्र.)**
क्रमांक /13/निविदा 2026
दिनांक - 07/04/2026

**निविदा सूचना**

जनपद पंचायत बहोरीबंद द्वारा 14 वित्त व विधायक निधि से निर्मित 40 दुकानों की नीलामी की कार्यवाही दिनांक 23 अप्रेल 2026 को दोपहर 12 बजे से सांय 5 बजे तक कार्यालय जनपद पंचायत बहोरीबंद मै की जाएगी! इच्छुक व्यक्ति नीलामी की शर्तो के अधीन बोली लगा सकते है! नीलामी की शर्ते व अन्य आवश्यक जानकारी जनपद पंचायत कार्यालय मै कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है! किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति मै अंतिम निर्णय सामान्य सभा जनपद पंचायत बहोरीबंद का होगा।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बहोरीबंद

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### अमानक स्तर का पानी मिलने पर किया जब्त

**कटनी।** रेलवे कमर्शियल डिपार्टमेंट ने पुणे से दरभंगा जा रही पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रेन में अवैध रूप से ले जाया जा रहा अमानक स्तर का पेयजल बरामद किया गया, जिसे कटनी स्टेशन पर उतरवाकर विभाग ने अपनी सुपुर्दगी में ले लिया। कमर्शियल विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि ट्रेन में रेलवे द्वारा प्रतिबंधित ब्रांड का पानी खपाने की कोशिश की जा रही है जैसे ही ट्रेन कटनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रुकी, वाणिज्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सघन चेकिंग शुरू की। जांच के दौरान 5 पेटी अनअप्रूव्ड (अमानक) पानी की बोतलें पाई गईं। यह ब्रांड रेलवे की अधिकृत सूची में शामिल नहीं था, इसलिए विभाग ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पानी की पेटियों को जब्त कर लिया। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना रेलवे की जिम्मेदारी है। नियमों के विरुद्ध जाकर अनअप्रूव्ड पानी बेचने वाले वेंडरों और संबंधितों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

### नगर निगम का सामान्य सम्मेलन 15 अप्रैल को

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी का सामान्य सम्मेलन 15 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे निगम सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में शहर के विकास, कर निर्धारण, बजट एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। सम्मेलन की कार्यसूची के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही जलकर से संबंधित अधिभार, संपत्तिकर निर्धारण में संशोधन तथा कर योग्य संपत्तियों के मूल्य में वृद्धि जैसे मुद्दे भी एजेंडे में शामिल हैं। बैठक में नगर निगम द्वारा जारी किए जाने वाले ट्रेड लाइसेंस के वार्षिक शुल्क में संशोधन तथा नए व्यवसायों को पोर्टल में शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। वहीं सौर ऊर्जा से जुड़े भवनों को संपत्तिकर में छूट देने के विषय पर भी चर्चा संभावित है। इसके अलावा वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 के अनुसूचित वर्ग परिवारों की बस्ती का नाम "संत रविदास नगर" किए जाने का प्रस्ताव भी विचारार्थ प्रस्तुत होगा। सम्मेलन में जनहित से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने सभी पार्षदों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### कॉलोनियों एवं बस्तियों में चला फागिंग अभियान

**कटनी।** मच्छरों के प्रकोप, डेंगू मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों को रोकने तथा विनिष्टिकरण के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार सघन छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के अतिरिक्त शाम को शाम को वार्डो में फागिंग मशीनों के माध्यम से गली-गली रासायनिक धुंए का छिड़काव कराया जा रहा है जिससे नागरिकों को राहत मिल रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा लगातार शहर के सभी मलिन बस्तियों के साथ-साथ कॉलोनियों, सार्वजनिक स्थलों, आदि जगहों पर कीटनाशक दवाईयों का सघन रूप से छिड़काव एवं फागिंग का अभियान चलाया जाकर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। अभियान के तहत गुरूवार की रात्रि नगर के चार वार्डो अंबेडकर वार्ड, गुरूनानक वार्ड, रघुनाथ गंज वार्ड तथा ईश्वरीपुरा वार्ड में सघन फागिंग अभियान चलाया जाकर ई- रिक्शा के माध्यम से वार्ड की मुख्य एवं अन्य गलियों में रासायनिक धुंए का छिडकाव कर मच्छरजनित एवं मौसमी बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण के प्रयास किये गए।

### बहोरीबंद के ग्राम कटही एवं पहाड़ी निवार में पुलिस व प्रशासन की कार्यवाही

# आदेश का उल्लंघन पड़ा महंगा, दो बोरिंग मशीनों को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिले में लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए प्रशासन द्वारा नलकूप खनन पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध बोरिंग करने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध नलकूप खनन करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के नेतृत्व में चौकी निवार पुलिस ने कार्रवाई की।

चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पहाड़ी निवार में बिना अनुमति रोटरी बोर मशीन से नलकूप खनन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-21 एए- 2622 रोटरी बोर मशीन लगाकर बोरिंग करते पाया गया। जांच में सामने आया कि ग्राम पहाड़ी निवार निवासी रणजीत मौर्य उर्फ पिंटू अपनी निजी भूमि पर बोरिंग करवा रहा था, जिसके लिए वाहन चालक मनीष पाठक, निवासी मढ़ोताल जबलपुर मशीन लेकर आया था। पुलिस द्वारा अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की जा सकी।

गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए जिले की सभी तहसीलों में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने रोटरी बोर मशीन सहित ट्रैक्टर जब्त कर लिया तथा आरोपियों के धारा 223, 3(5) एवं मप्र पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 9 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

कार्रवाई में चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्रा, उप निरीक्षक कमलेश्वर शुक्ला, प्रधान आरक्षक गौरव सेन, आरक्षक देवेश कुमार, अरविंद एवं वकील यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### बहोरीबंद में भी कार्यवाही

तहसील बहोरीबंद में भी राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खनन कर रही बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया। बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया एवं तहसीलदार आशीष अग्रवाल के मार्गदर्शन में हल्का राजस्व की टीम ने हथियागढ़ के कटही ग्राम में दबिश दी। यहाँ पंचम यादव के खेत पर प्रतिबंधात्मक आदेश की अवहेलना करते हुए बोरिंग का कार्य किया जा रहा था। मौके पर पहुँची टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए पंचनामा तैयार कर बोरिंग मशीन नंबर केए 01 एमएन 8389 और गाड़ी नंबर केए 01 एजी 0679 को जब्त कर लिया। इस मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है और संबंधित पक्षों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही जारी है।



## जेवरात से भरा बैग आटो में छूटा, पुलिस ने खोजकर वापस लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आटो में सफर के दौरान एक महिला का बैग छूट गया। महिला ने पुलिस में फरियाद की। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सीसीटीवी और तकनीकी मदद से महज 72 घंटों के भीतर खोज निकाला। पुलिस के अनुसार 6 अप्रैल को ग्राम कटंगी झलवारा निवासी अर्चना कोरी अपने पति के साथ चांडक चौक से मुरवाड़ा स्टेशन जाने के लिए ऑटो में सवार हुई थीं। जल्दबाजी में उतरते समय उनका बैग ऑटो में ही छूट गया। इस बैग में कीमती सोने-चांदी के जेवर और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। सामान खोने की सूचना मिलते ही प्रार्थियां ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल विशेष टीम गठित की। शहर के मुख्य चौराहों और संबंधित मार्ग पर लगे सीसीटीवी (CCTV) कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उस ऑटो की पहचान की गई जिसमें महिला ने सफर किया था। पुलिस ने ऑटो चालक का पता लगाकर उससे संपर्क किया, जिसके बाद बैग को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

जिला पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बरामद बैग और उसमें रखे जेवर सुरक्षित रूप से अर्चना कोरी को सुपुर्द किए। अपना खोया हुआ कीमती सामान वापस पाकर महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई।

अपना बैग वापस मिलने के बाद अर्चना कोरी ने कहा कि मेरा सामान वापस मिलना नामुमकिन लग रहा था, लेकिन कटनी पुलिस ने जिस सक्रियता से काम किया, वह काबिले तारीफ है। मैं पुलिस प्रशासन का तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूँ।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों की समस्याओं एवं गेहूं उपार्जन में हो रही अव्यवस्थाओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने एकजुट होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरना-प्रदर्शन के पश्चात कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को तत्काल सुचारू किया जाए, समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदी सुनिश्चित हो एवं किसानों को आर्थिक राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि किसान आज बेहद परेशान है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है। कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रियदर्शन गौर, महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, अजय जैसवानी, सौम्या राधेलिया, सेवादल अध्यक्ष मंगल सिंह, रंजीत सिंह, संजय गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### हवन पूजन एवं भंडारे के साथ भागवत कथा का हुआ समापन

## निःस्वार्थ होनी चाहिए मित्रता, सुदामा चरित्र का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा नगर में लल्ला गुप्ता की पुण्य स्मृति में चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण कथा एवम ज्ञान यज्ञ में व्यास पीठ से सुदामा प्रसंग का वर्णन किया। वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्रवण मिश्र महाराज ने सुदामा चरित्र की कथा पर व्याख्यान देते हुए बताया किसुदामा चरित्र भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की निस्वार्थ मित्रता और अटूट भक्ति की एक प्रसिद्ध द्रष्टान्त है। सुदामा एक अत्यंत निर्धन ब्राह्मण थे, जो अपनी पत्नी सुशीला के साथ रहते थे। गरीबी के कारण, वे पत्नी के आग्रह पर कृष्ण से मिलने द्वारका गए, जहाँ कृष्ण ने उन्हें गले लगाकर और अपने आंसुओं से उनके पैर धोकर सम्मानित किया।

सुदामा और कृष्ण सांदीपनि मुनि के आश्रम में सहपाठी थे। सुदामा भिक्षा मांगकर जीवन यापन करते थे और उनके घर में अन्न का एक दाना नहीं होता था। पत्नी के कहने पर, सुदामा कृष्ण के लिए पोटली में थोड़े से ₹तंदुल₹ (चावल) लेकर द्वारका चले। कृष्ण ने सुदामा को देखते ही सिंहासन पर बिठाया और आंसुओं से उनके फटे पैरों को धोया, जिसे देखकर सभी अचंभित रह गए। सुदामा संकोच में चावल की पोटली छुपाते रहे, लेकिन कृष्ण ने उसे छीनकर बड़े चाव से खाया। सुदामा कुछ मांगे बिना ही वापस आ गए, लेकिन कृष्ण ने उनकी दरिद्रता समझकर उनकी झोपड़ी को महल में बदल दिया। सुदामा चरित्र यह सिखाता है कि सच्ची मित्रता में अमीर-गरीब का भेद नहीं होता। कथा श्रवण करने भारी संख्या में जन समुदाय कथा स्थल पहुंचकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ किया।

#### भंडारा प्रसाद में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवम ज्ञान यज्ञ के समापन के अवसर पर आयोजित किये गए भंडारे की महाप्रसाद ग्रहण करने कथा स्थल पर श्रद्धालुजनों की अपार भीड़ एकत्रित हुई। भंडारे की महा प्रसाद सभी को उपब्ध हो इसके लिए ब्रजेश गुप्ता (गुल्लू गुप्ता)द्वारा निरन्तर व्यवस्थाएँ बनाये रखी गईं। हलुआ, पूड़ी,खीर एवम मीठा वितरण किया गया।

### कलेक्टर के निर्देश पर स्कूलों में आधार शिविर का हो रहा आयोजन

## विद्यार्थियों के साथ अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी आधार शिविरों में करा सकेंगे आधार अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के विद्यार्थियों को आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हित स्कूलों में 22 अप्रैल तक आधार शिविर लगाये जा रहें हैं। इससे विद्यार्थियों को नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इन कैंपों में छात्रों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अद्यतन न होने के कारण ई-केवाईसी से वंचित आवेदकों का भी आधार अद्यतन कराने का दायित्व संबंधित रोजगार सहायक, पंचायत सचिव और पटवारी को सौंपा गया है। इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा अपडेशन के लिए निर्धारित शुल्क संबंधित से लिया जायेगा। शालाओं के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि वे यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें जिनके आधार में एमबीयू पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिये जागरूक किया जाए और उन्हें आधार कैंपों में बुलाया जाये। ताकि आधार अपडेट किया जा सके।

जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड कटनी के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल चाका, शासकीय हाई स्कूल हिरवारा, शासकीय मॉडल स्कूल रॉबर्ट लाइन हॉस्टल में 10 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूल मझगवां फाटक में 11 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, शासकीय न्यू गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल कन्हवारा में 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पिपरौंध में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक, शासकीय हाईस्कूल कुठला में 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विकासखण्ड बड़वारा के अंतर्गत सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल बरही और हायर सेकेण्डरी स्कूल बरही में 10 अप्रैल तक, शासकीय प्राइमरी स्कूल नन्हवारा सेझा में 11 अप्रैल से 16 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भुड़सा में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जबकि विकासखण्ड बहोरीबंद के अंतर्गत इंटीग्रेटेड मॉडल स्कूल कुआं में 11 अप्रैल तक, इंटीग्रेटड हायर सेकेण्डरी स्कूल दीता में 9 अप्रैल तक, इंटीग्रेटेड हायर सेकेण्डरी स्कूल कूड़ा में 10 अप्रैल तक, ग्रेस मिशन स्कूल स्लीमनाबाद में 13 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, शासकीय हाई स्कूल रामपाटन में 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार विकासखण्ड रीठी अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कूल खरखरी में 9 अप्रैल तक, शासकीय मॉडल स्कूल बरखेड़ा में 8 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देवगांव में 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गुर्जीकला में 9 अप्रैल से 16 अप्रैल तक, गर्ल्स मॉडल स्कूल बिलहरी में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### जनगणना के प्रथम चरण के प्रचार-प्रसार के दिये गये निर्देश

**कटनी।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी के निर्देश पर सभी चार्ज अधिकारियों को इसके प्रचार-प्रसार करने के निर्देश जारी किये गये हैं। जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई एवं स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल की अवधि में संपादित किया जाएगा। जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार हेतु नगरीय निकायों की कचरा संग्रहण गाडियों पर ऑडियों सिस्टम से जनगणना संबंधी संदेशों का प्रसारण किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये हैं।

## 59 पंचायतों ने 40 लाख से अधिक का कर वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर, समृद्ध,आर्थिक रूप से सक्षम और सशक्त बनाने जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर ग्राम पंचायतों द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 में निहित प्रावधानों के अनुसार जल कर, स्वच्छता कर,सम्पत्ति कर,भवन अनुज्ञा एवं अन्य करों की वसूली तेजी से की जा रही है। इससे न केवल ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सशक्त होंगी बल्कि आय में वृद्धि से जन सुविधाओं में इजाफा होगा।

जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह बताते हैं कि विगत वर्ष 2025-26 में जनपद क्षेत्र की 59 ग्राम पंचायतों द्वारा सभी प्रकार के कर मिलाकर 40,11,628 रुपयों की वसूली की गई है। वही 73,36 308 रूपयों की वसूली होना शेष है। जनपद पंचायत के सीईओ श्री सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों द्वारा 23,94,398 रुपए जलकर , 53,520 स्वच्छता

#### ग्राम पंचायतें हो रही आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर

कर, 3,09,510 रुपए संपत्ति कर, 592,410 रुपए भवन अनुज्ञा एवं अन्य करों से 6,56,950 रुपयों की कर वसूली की जा चुकी है एवं बकाया वसूली योग्य राशि को वसूल करने हेतु ग्राम पंचायतों को तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने ग्राम वासियों से अपील की है कि ग्रामीण जन अपने ग्राम के चौमुखी विकास के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर नियमित रूप से आरोपित करों का भुगतान कर आधिकारिक रसीद प्राप्त करें। ऐसा करके आप ग्राम के विकास के सहभागी बने। जनपद सीईओ कटनी ने यह भी कहा है कि यथाशीघ्र बकाया कर वसूली हेतु ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए विशेष अभियान चलाया जाएगा,ताकि बकाया कर वसूली की जा सके।

### एसडीएम ने बड़वारा में विकास कार्यों की समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश

## कम प्रगति पर जताई नाराजगी, तीन पटवारियों को थमाया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा तहसील बड़वारा सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेयजल व्यवस्था, एचपीवी वैक्सीनेशन, ई-विकास पोर्टल, ई-उपार्जन, फार्मर रजिस्ट्रि, सीमांकन, एलपीजी एवं खाद्यान्न वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पीएचई उपयंत्री को सभी खराब हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत कराने और नलजल योजनाओं को शत-प्रतिशत संचालित करने के निर्देश दिए गए। सीईओ जनपद पंचायत एवं तहसीलदार को पेयजल संकट वाले ग्रामों में आवश्यकता अनुसार टैंकर से जल आपूर्ति सुनिश्चित कराने को कहा गया।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि कलेक्टर द्वारा 1 अप्रैल से नए नलकूप खनन पर प्रतिबंध लागू है, जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। जहां पेयजल संकट की स्थिति है, वहां निजी बोर का अधिग्रहण कर ग्रामीणों को राहत देने के निर्देश दिए गए।

एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी राममणि पटेल की बिना सूचना अनुपस्थिति पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 14-15 वर्ष आयु वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत चिन्हांकन कर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय बनाने के निर्देश दिए गए।

विकास पोर्टल के संचालन के लिए संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने हेतु वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निर्देशित किया गया। वहीं ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पुनः सत्यापन (री-वेरिफिकेशन) के लिए तहसीलदार को जिम्मेदारी सौंपी गई। फार्मर रजिस्ट्री में कम प्रगति पाए जाने पर तीन पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित सीमांकन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने को कहा गया।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से एलपीजी एवं खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए समयबद्ध और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में तहसीलदार ऋषि गौतम, सीईओ जनपद पंचायत सुश्री प्रभावती तेकाम, जेएसओ यज्ञदत्त त्रिपाठी, एसएडीओ आर.के. रावत, बीईओ एस.एम. सिंह, बीआरसी शशांक तेकाम, पीएचई उपयंत्री अखिलेश सार्वे, महिला बाल विकास विभाग से अर्पिता प्यासी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए समयसीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भादावर**
जनपद पंचायत बड़वारा, जिला कटनी (म0प्र0)

सुनीता सिंह (सरपंच) — सत्येंद्र सिंह सेंगर (सचिव)

क्रमांक /Q /2026 — दिनांक - 09/04/2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भादावर जनपद पंचायत बड़वारा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 01.04.2026 से 31.03.2027 तक वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायत अंतर्गत निर्माण कार्यों हेतु सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म संबंधित सामग्री हेतु कार्यालय में निविदा प्रस्तुत कर सकती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निर्माण का कार्य | रेत, लोहा, सीमेंट, गिट्टी, ईंट, दासा, बोल्डर, पाइप, पेवर ब्लाक |
| | | कोटा स्टोन, टाइल्स, मुरूम, सामग्री परिवहन इत्यादि |
| 2 | फर्नीचर | कुर्सी, टेबल, अलमारी एवं अन्य सामग्री |
| 3 | स्टेशनरी | स्टेशनरी से संबंधित सामग्री |
| 4 | इलेक्ट्रानिक सामग्री | कम्प्यूटर, प्रिंटर, लेपटॉप एवं विद्युत की अन्य सामग्री |
| 5 | अन्य | अन्य सामग्री |

सरपंच / सचिव (ग्राम पंचायत भादावर)

## खबर संक्षेप

### सुझाव, संवाद और समाधान समृद्धि की पहचान- राज्यमंत्री लखन पटेल

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने आज दमोह जटाशंकर स्थित कार्यालय में क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र के मेरे परिवारजनों से संवाद और उनके सुझाव की महत्वपूर्ण कड़ी है, जहां हम सभी की संयुक्त भागीदारी का लक्ष्य ₹पथरिया विधानसभा₹ को समृद्ध और खुशहाल बनाना है।

### छत्रसाल व्यायाम शाला का सांसद विष्णु शर्मा ने किया निरीक्षण

**पन्ना।** खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने आज सुबह पन्ना नगर के रानीगंज स्थित छत्रसाल व्यायाम शाला का निरीक्षण किया है डेढ़ सौ वर्ष पुरानी इस व्यायाम शाला की स्थिति अब ज्यादा बेहतर नहीं है इसलिए सांसद विष्णु शर्मा ने अपनी निधि से इस व्यायाम शाला के विकास का आश्वासन दिया है इस व्यायाम शाला में अब आधुनिक जिम की मशीन लगाई जाएगी इतना ही नहीं विष्णु शर्मा ने स्थानीय युवकों द्वारा जुगाड़ के साधनों से तैयार की गई जिम की तारीफ भी की जिसमें मोटर साइकिल की चेन और लोहे की सरिया से जिम बनाई गई है और बड़ी मात्रा में पत्थरों का उपयोग कर वेट लिफटर बनाए गए जिस पर विष्णु दत्त शर्मा ने स्थानीय लोगों के जुगाड़ की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में फिट इंडिया प्रोग्राम चल रहा है जिसमें हमें युवकों को खेल और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रोत्साहित करना है विष्णु शर्मा ने इस तरह की पुरानी व्यायाम शालाओं कुछ चिन्हित कर विकसित करने की बात कही है उनके साथ भाजपा नेता सदानंद गौतम, जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, तरुण पाठक, उपाध्यक्ष भास्कर पांडे,लक्ष्मी यादव, भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव, राजकुमार वर्मा, अखाड़ा संचालक हरि पहलवान अवधेश प्रताप सिंह यादव बड़ी संख्या में युवक सांसद के साथ पहुंचे।

### तय समय के बिना पानी सप्लाई से जनता परेशान

# मनमानी से चल रही नर्मदा परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर में पेयजल संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। लगभग 45 किलोमीटर दूर लम्हेटाघाट से लाई गई नर्मदा जल परियोजना, जिसकी लागत लगभग 33 करोड़ रुपये बताई जाती है, आज भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य नगरवासियों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत है। नगर में कोई जिम्मेदार अधिकारी तैनात नहीं होने के कारण पूरी व्यवस्था छोटे कर्मचारियों के भरोसे चल रही है, जो अपनी मनमर्जी से जल वितरण कर रहे हैं। पानी सप्लाई का न तो कोई निश्चित समय तय है और न ही कोई निर्धारित दिन कहीं 3 दिन में पानी दिया जा रहा है तो कहीं 5 दिन में, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि कर्मचारियों द्वारा लोगों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। कभी कहा जाता है कि सुबह नल खुलेंगे, तो कभी 11 बजे या शाम 5 बजे का समय बताया जाता है, लेकिन अधिकांश समय लोग खाली बर्तन लेकर इंतजार ही करते रह जाते हैं लेकिन समय पर पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। इससे नागरिकों में आक्रोश और असंतोष बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से नगर के वार्ड क्रमांक 9 की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जहां पिछले 6 दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। लगभग सैकड़ों परिवार पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। लोगों को मजबूर होकर दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। नगरवासियों ने मांग की है कि इस योजना की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही जल आपूर्ति के लिए एक निश्चित समय और दिन निर्धारित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है और जनता को उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इधर नर्मदा परियोजना के साइड इंजीनियर द्वारा अपनी मनमानी करते हुए नजर आए जहां लोग पानी के 24 घंटे तक इंतजार करते रहे और साइड इंजीनियर बुधवार की शाम 8 बजे से सुबह नल खुलने की बात करते रहे लेकिन नर्मदा परियोजना के नल गुरुवार की शाम 7 बजे खुले गए जब 24 घंटे बीत चुके थे। लोगों का कहना है नर्मदा परियोजना कर्मचारियों द्वारा लोगों को झूठी उम्मीद व आश्वासन दिया जाता है जहां लोगों अपने सभी कामों को छोड़कर दिनभर पानी के इंतजार में बैठे रहते हैं लेकिन तय समय पर पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है।

**वार्डवासी पहुंचे नगर परिषद लेकिन सुनने वाला कोई नहीं**

वहीं गुरुवार की सुबह वार्ड क्रमांक 9 के कुछ लोग पानी की शिकायत को लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे जहां उन्हें नगर परिषद कार्यालय में बने नर्मदा परियोजना के कार्यालय में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी नहीं मिलने से निराश होकर वापस लौटते हुए नजर आए। लेकिन उसी समय नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार जैन की नजर लोगों पर पड़ी तो उन्होंने सभी लोगों को अपने कार्यालय में बुलाया जहां वार्ड क्रमांक 9 के लोगों की समस्या सुनकर पानी की व्यवस्था मे जल्द ही सुधारने का आश्वासन दिया। नर्मदा परियोजना के कर्मचारियों से बात करके फोन पर फटकार लगाई।

### हिण्डोरिया में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ




**हिंडोरिया।** नगर के वार्ड नं.2 में श्रीमती कमलारानी /श्री कलू सेन परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ जिसके पूर्व दिव्य भव्य कलश यात्रा निकाली गई कथा प्रवक्ता बालव्यास पं ऋषिकांत गर्ग जी ने बताया कि जहाँ कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात दिन तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति , सज्जनवृन्द भक्तजनों की उपस्थिति रही।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान मंडल बोर्ड की 13 अप्रैल को

**दमोह।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद (मंडल बोर्ड) की प्रस्तावित बैठक की तिथि में प्रशासन द्वारा बदलाव किया गया है। पूर्व में यह बैठक 10 अप्रैल, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की जानी थी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे ने जानकारी देते हुए बताया कि अब यह बैठक 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होने संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों को संशोधित तिथि के अनुसार उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्थापना दिवस पर किये फल वितरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा नगर में एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय दौरा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देशन पर पूरे प्रदेश में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर चलने वाले सामाजिक कार्यक्रमों के तहत पंचम दिवस पर एनएसयूआई के 56 वे स्थापना दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में जरूरतमंद मरीजों को फल वितरित किए स्थापना दिवस के उपलक्ष में अध्यक्ष प्रवीण राय ने बताया कि एनएसयूआई केवल एक संगठन नहीं, बल्कि हर एक आम छात्र की आवाज़ है । जो छात्र जीवन से ही राजनीति की मजबूत नींव रखते हुए हर एक छात्र के अधिकारो के लिए सड़कों पर संघर्ष करने वाला छात्र हितेषी मात्र एक ही छात्र संगठन है । उक्त अवसर पर दशरथ सिंह, सचिन मेहरा, शिवराज, आलेश ठाकुर,जीवन ठाकुर, ज्ञानी यादव , अमित ठाकुर, लवकुश ठाकुर सहित एनएसयूआई के सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## विश्वशांति के लिये हुआ णमोकार मंत्र का जाप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विगत दिवस 9 अप्रैल को णमोकार दिवस के अवसर पर देश की राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न नगरों में विश्व शांति की कामना हेतु गुरुवार की सुबह 8 बजे से 9 बजे तक णमोकार मंत्र का जाप बड़े स्तर पर जैन धर्मावलंबियों एवम अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा किया गया। देश के प्रमुख नगरों दिल्ली , कलकत्ता , मुंबई, चेन्नई, अहमदबाद, सूरत, नागपुर, लखनऊ , भोपाल , भिलाई, रायपुर , जबलपुर, इंदौर , ग्वालियर, सागर , दमोह , ललितपुर, अशोकनगर गुना, टीकमगढ़, उज्जैन, रतलाम , धार , झाबुआ, जबेरा इत्यादि शहरों नगरों एवम ग्रामो के जैन मंदिर में सामूहिक रूप से जैन श्रावकों ने शुद्ध वस्त्र धोती या कुर्ता इत्यादि पहनकर वाचन किया। वही णमोकार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मध्यप्रर्देश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभी देश वासियों को णमोकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए राजेश जैन (जबेरा)₹संयोजक अंतरराष्ट्रीय जैन संघ₹ ने बताया कि इस णमोकार महामंत्र में पंच परमेष्ठी भगवान अरिहंत, सिद्ध , आचार्य, उपाध्याय एवम साधुयो को नमस्कार किया गया है। यह जैन धर्म का मूल मंत्र है एवम इसी मंत्र से अन्य सभी मन्त्रो की रचना होना माना गया है। इस मंत्र के निरंतर जाप करने से जहां मन को शांति मिलती है वही यह मंत्र अत्यंत कल्याणकारी एवम मंगलदायक है। इस मंत्र का वर्णन जैन धर्म के प्राचीन गर्न्थो सहित किसी न किसी माध्यम से अन्य सनातनी ग्रंथो में देखने को मिलता है । ऋग्वेद में प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जिन्हें अरिहंत भी कहा जाता है उन्हें नमस्कार करने का उल्लेख किया गया है।

### दो दिनों में 143 किशोरियों को लगा टीका

**दमोह।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए विकासखंड में चलाया जा रहा एचपीवी टीकाकरण अभियान जागरूकता की नई मिसाल पेश कर रहा है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) और स्वास्थ्य विभाग के बेहतर तालमेल से बुधवार और गुरुवार को कुल 143 किशोरी बालिकाओं का सफल टीकाकरण किया गया। बीईओ सूरजभान चौधरी ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों और अभिभावकों की जागरूकता के कारण ही यह सफलता मिली है। दमोह कलेक्टर और एसडीएम पथरिया द्वारा लगातार की जा रही समीक्षा का असर धरातल पर दिख रहा है। बुधवार को अजबधाम में आयोजित कैंप में बीएमओ डॉ. महेश सिंह की उपस्थिति में 102 बालिकाओं को टीके लगाए गए, जबकि गुरुवार को सीएचसी बटियागढ़ में दोपहर तक 41 बालिकाओं का टीकाकरण हुआ। विकासखंड में अब तक 600 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन दी जा चुकी है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक किसी भी बालिका में कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा गया है।

# नरवाई में आग लगाने पर हुआ मामला दर्ज

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत 06 मार्च 2026 को जिले की राजस्व सीमा में नरवाई में आग लगाने पर पूर्णतः प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं। ग्राम सतपारा के किसान द्वारा जिला दण्डाधिकारी श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मकक आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में संबंधित के विरूद्ध **BNS** की धारा 223**B** एवं धारा 326**F** के अंतर्गत पुलिस थाना पथरिया में प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज की गई। उल्लेखनीय है जिले के ग्राम सतपारा विकासखण्ड पथरिया के किसान तुलसी कुर्मी द्वारा अपने खेत में गेंहू की नरवाई में आग लगाई थी। आग के उड़ने के कारण कृषक राजकुमार कुर्मी, ज्ञानी साहू, तातू यादव के गेंहू की खेत में लगी नरबाई में आग लगने से तातू यादव के खेत में रखा भूसा करीब 8 ढेर, साक्षी राजकुमार कुर्मी के खेत में रखे 40 पाईप, विद्युत डोरी, पानी की मोटर एवं 4 टॉली भूसा एवं ज्ञानी साहू के खेत में रखे 10 प्लाटिक के पाईप, विद्युत जल जाने से आरोपी पिंटू उर्फ तुलसी कुर्मी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। गौरतलव हैं कि, फसल अवशेष/ पराली/ नरवाई में आग लगाने से मृदा में पाये जाने वाले लाभदायक सुक्ष्मा जीव जलकर नष्ट हो जाते है जिससे मृदा की उपजाऊ क्षमता खराब हो जाती है एवं मिट्टी की आंत तथा किसान के मित्र कहे जाने वाले केंचुआ जलकर नष्ट हो जाते है, भूमण्डलीय ताप बढ़ रहा है जिस कारण से बहुत सारी प्रजातियां विलुप्त हो रहीं है तथा मानव एवं पशुओं के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है । नरवाई में आग लगाने पर कृषकों के विरूद्ध अर्थदण्ड की कार्यवाही एवं विभिन्न योजनाओं से वंचित किया जा सकता हैं। कृषक जिनके पास 02 एकड़ से कम जमीन है, उन्हें 2500/- रू प्रति घटना पर्यावरण क्षति पूर्ति अर्थदण्ड देय होगा। कृषक जिनके पास 02 एकड़ से अधिक एवं 05 एकड़ से कम जमीन है, उन्हे 5000/- रूपये प्रति घटना अर्थदण्ड देय होगा। कृषक जिनके पास 05 एकड़ से अधिक जमीन है उन्हे 15000/- रूपये प्रति घटना अर्थदण्ड देय होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि एवं समर्थन मूल्य पर उपार्जन जैसी योजनाओं से भी वंचित किया जा सकता हैं। किसान बंधुओं से अपील की गई हैं कि नरवाई में आग न लगाएं तथा नरवाई प्रबंधन की विभिन्न विधियॉ जैसे- स्ट्रा रीपर का उपयोग कर नरवाई से भूसा बनाना, बायोडीकम्पोजर का उपयोग कर खेत में ही नरवाई विघटित कर जैविक खाद बनाना, सुपर सीडर से सीधे बुवाई करना, कम्बाईन हार्वेस्टार में स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाना, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करना, रोटावेटर चलवाना आदि विधियों में से किसी एक विधि का उपयोग कर नरवाई को प्रबंधित किया जा सकता हैं।

# टीआई की समाजसेवा से प्रभावित होकर अमेरिका के दंपति मिलने पहुंचे हटा

**हटा।** थाना प्रभारी सुधीर बेगी की समाज सेवा और संवेदनशीलता की चर्चा न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हो रही है। उनकी गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करने की पहल से प्रभावित होकर, भारतीय मूल के हटा निवासी कैलिफोर्निया (अमेरिका) में रह रहे दम्पति विशेष रूप से हटा थाने पहुंचे और उनसे मुलाकात की। जहां उन्होंने सुधीर बेगी को उनके मानवीय कार्यों विशेषकर गरीब और असहाय लोगों की सहायता करने व उनके कार्यों को संवेदनशीलता और सेवा का एक अनूठा उदाहरण माना। दरअसल गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी की समाज सेवा की सोशल मीडिया पर रील देखकर हटा क्षेत्र के अमेरिका में रहने वाली माही दवे उनके पति अभिषेक अपने नन्हे से बेटा कबीर को लेकर हटा पुलिस थाने पहुंचे जहां उन्होंने अपने हाथों से फलों की टोकरी और मिठाई के डिब्बे सुधीर बेगी को भेंट किए और पुलिसिंग कार्य के साथ जनसेवा करने की सराहना की। और कहा कि वे भी समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना चाहते हैं। थाना प्रभारी ने अभिषेक जी का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया। इस सम्मान से अभिषेक जी और माही जी भावुक हो गए। थाना प्रभारी में कहां कि हमें ऐसे लोगों का हमेशा सम्मान करना चाहिए, जो जीवन में सफल होने के बाद भी दूसरों के प्रति संवेदनशील और उदार हृदय रखते हैं। सुधीर बेगी द्वारा गरीब बेसहारा लोगों की मदद उन्हें पुलिस संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण माना जाता है, जहां वे ड्यूटी के साथ-साथ असहाय लोगों को भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते रहें हैं।



# श्री विद्यासागर प्रतिभा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति से पर्यटन मंत्री जबेरा में छात्राओं को करेंगे पुरस्कृत

**जबेरा।** आगामी शनिवार को जबेरा में प्रदेश के पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवम जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा के कर कमलों से प्रतिभावान छात्राओं को जबेरा में श्री विद्यासागर प्रतिभा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो कि परीक्षा के पूर्व शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक राजेश जैन ने अपनी ओर से घोषणा करते हुए विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं हेतु श्री आचार्य श्री विद्यासागर प्रतिभा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति से पुरस्कृत करने की घोषणा की थी जिसके आधार पर वर्तमान में कक्षा आठवी में अपने विद्यालय में प्रथम द्वतीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को शनिवार को मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवम जिला कलेक्टर के जबेरा के उत्कृष्ट विद्यालय की विभिन्न लैब एवम पुस्तकालय के लोकार्पण के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। आगे कक्षा दसवीं एवम बारहवीं के टोपर को भी परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात उक्त छात्रवृतियों से संम्मानित किया जाएगा। अभी प्रथम स्थान प्राप्त जिया पटेल 85 प्रतिशत , मानसी चौधरी 81 प्रतिशत एवम कौशल्या पटेल 80 प्रतिशत को संम्मानित किया जाएगा। साथ ही अतिथियों के कर कमलों से विद्यालय की अतिथि शिक्षिका से नव चयनित प्राथमिक शिक्षिका निकिता साहू एवम जॉय चिल्ड्रन अकादमी की पूर्व शिक्षिका श्रुति जैन को भी श्री आचार्य श्री विद्यासागर सम्मान से सम्मनित किया जाएगा

# भगवान श्री कृष्ण मां गांधारी को कह रहे हैं हे माता में किसी भी स्थिति में धर्म का त्याग नहीं कर सकता -पं रवि शास्त्री महाराज

**दमोह।** स्थानीय ग्राम आमचौपरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने जिस तरह से गांधारी ने यदुवंशियों को श्राप दिया था उस कथा को विस्तार से श्रवण कराया उन्होंने कहा कि कृष्ण गांधारी को समझाते हुए कहते हैं परंतु माता कौरवों ने वही मार्ग चुना जिसमे उनका पतन निश्चित था अब मैं किसी के कर्म क्षेत्र पर तो अधिकार न ही जमा सकता कर्मों का फल तो भोगना ही पड़ता है माते गांधारी कृष्ण की तरफ अश्रुपूरित नेत्रों से देखते हुए बोली हुये ये कहना आसान है केशव परंतु एक माता के लिए उसका पुत्र ही महत्वपूर्ण होता है। वह लायक है या नालायक इसका माँ की ममता पर कोई प्रभाव नही पड़ता जितना दुख उसे लायक पुत्र की मृत्यु पर होता है उतना ही नालायक पुत्र पर लोग कहते है कि तुम आदि ब्रम्ह हो लेकिन हो तो पुरुष ही कलेजा बज्र का ही रहेगा। माता पार्वती देवी होते हुए भी अपने पुत्र गणेश का शोक सहन नही कर पाती हैं हे कृष्ण कभी माँ बनकर देखना तब तुम्हे पता चलेगा कि तुम्हारा 'गीता ज्ञान ममता के आगे कितना टिकता है यदि मोह ममता अज्ञान का परिचायक है तो तुमने इस मोह के संसार की रचना क्यों की बना लेते अपने ज्ञानियों का संसार क्या आवश्यकता थी मोह ममता के संसार के रचना की तुम भी जानते हो तुम्हारा ज्ञान नीरस है निर्जीव है इतना यथार्थवादी है कि उससे संसार नही चल पाएगा। तभी तुम मोह ममता का सहारा लेते हो तभी वहाँ सभी पांडव आ जाते हैं जिन्हें कृष्ण इशारे से बाहर जाने का संकेत देते हैं मगर युद्धिष्ठर संकेत को नही समझ पाते हैं और गांधारी के पास आकर क्षमा माँगते हुए कहते हैं माँ हम दोषी है आपके हम अपराधी है आपके हो सके तो माता हमे क्षमा कर दो युद्धिष्ठिर की वाणी को सुनकर गांधारी क्रोध में भर जाती हैं उन्हें दुर्योधन की टूटी जंघा दुःशासन की छाती को चीरकर लहू पीता हुआ भीम का स्मरण होने लगता है कृष्ण समझ चुके थे कि गांधारी अब पुत्र शोक में पांडवों को श्राप दे देंगी इसलिए कृष्ण गांधारी का ध्यान पांडवो की तरफ से हटाने के लिए व्यंग कहते हैं हे माता टूटना ही था उस जंघा को जिसने आपकी पुत्र वधु का अपमान किया उस छाती को चीरना आवश्यक था जिसने द्रौपदी के केशों को छूने की धृष्टता की इन सबका विनाश आवश्यक था अन्यथा इनके किये गए कृत्यों को मानव अपना आदर्श बना लेता जिससे एक शिष्ट समाज की कल्पना भी नही की जा सकती हे माता जिनपर आप शोक कर रही हो वो शोक के योग्य नही हैं कृष्ण के कहे वाक्यों को सुनकर गांधारी क्रोध से तपने लगती हैं और कठोर वाणी में कहती हैं; हे यादव हे माधव मैं शिवभक्तिनि गांधारी अपने पतिव्रत धर्म से एकत्रित किये गए पुण्य शक्ति से तुम्हे शाप देती हूँ जिस तरह से कुरुवंश का विनाश हुआ है उसी तरह से यदुवंश का भी विनाश हो जाये जब गांधारी ने ऐसा कहा तो कृष्ण बोले हे माता यह शाप आपने मुझे नही स्वयं को दिया है आप अभी अपने 100 पुत्रों का पूर्णतः शोक मनाई भी नही थी कि आप ने अपने एक और पुत्र को शाप दे दिया हे माता क्या आप मेरा शव देख पाएंगी माते मुझे आपका शाप स्वीकार है क्योंकि न तो मेरी मृत्यु होती है और न ही जन्म ना ही मेरा इस शरीर से कोई प्रेम है माते आपका इस शरीर से प्रेम है और आपने शाप देकर स्वयं को फिर दुःख सागर में डुबो दिया। कृष्ण की यह बात सुनकर गांधारी को अपने किये पर पश्चाताप हुआ और बोली हे गोविंद कुरुवंश को नही बचा पाए मगर यदुवंश को ही बचा लो मैं तुमसे भिक्षा माँगती हूँ हे माधव अब मैं अपने और पुत्रों के शव नही देखना चाहती कृष्ण गांधारी से कहते हैं हे माते न मैंने कुरुवंशियों के कर्म पर अपना प्रभाव जमाया और न ही मैं यदुवंशियों के कर्म क्षेत्र पर अपना प्रभाव स्थापित करूँगा।

## छात्राओं को निशुल्क पुस्तकों का वितरण, नए सत्र में दिखा उत्साह



**तेंदूखेड़ा।** नवीन शिक्षा सत्र के प्रारंभ होते ही क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। इसी क्रम में पीएम श्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, बम्हौरी पाँजी में छात्राओं को शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। पुस्तक वितरण कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं के चेहरे पर नई कक्षाओं की पुस्तकों को पाकर विशेष खुशी झलक रही थी। कई छात्राओं ने बताया कि समय पर पुस्तकें मिलने से उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी और वे नए सत्र की तैयारी बेहतर ढंग से कर सकेंगी। इससे पहले भी विद्यालय द्वारा आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जा चुका है, जिससे विद्यार्थियों को काफी सहूलियत मिल रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों की उपस्थिति रही। शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को पुस्तकों का महत्व बताते हुए नियमित अध्ययन करने और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की यह पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी छात्र छात्राओं को समय पर पुस्तकें उपलब्ध हो जाएं, जिससे किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित न हो। इस पहल से न केवल अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम हुआ है, बल्कि शिक्षा के प्रति बच्चों का उत्साह भी बढ़ा है।

## एचपीवी मेगा वैक्सीनेशन की तैयारी हेतु प्रधानाध्यापकों की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** नगर के सांदीपनि हायर सेकेंडरी विद्यालय में समस्त मिडिल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी एचपीवी लक्षित मेगा वैक्सीनेशन कार्यक्रम पर चर्चा की गई। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे ने कार्यक्रम का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। बीईओ श्री पांडे ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण किशोरियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। एचपीवी टीकाकरण गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव करता है। भारत सरकार ने 14 साल की लड़कियों के लिए एक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश के अनुसार एक खुराक (सिंगल डोज) योजना अपनाई जाएगी। हर साल लगभग 1.15 करोड़ लड़कियां 14 वर्ष की उम्र पूरी करती हैं और सभी इस टीके के लिए पात्र होंगी। बैठक में बताया गया कि विकासखंड स्तर पर एचपीवी टीकाकरण हेतु मेगा शिविरों का आयोजन क्रमशः 11 अप्रैल, 15 अप्रैल, 21 अप्रैल एवं 27 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में लगभग 500 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री पांडे ने प्रधानाध्यापकों से अपील की कि वे बच्चों और अभिभावकों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। इस दौरान बीआरसी पीएल अहिरवार ,जनशिक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग से भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## मानसिक तनाव से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**बटियागढ़।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ोला खाड़े में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। गांव निवासी 26 वर्षीय देशराज सिंह ने मानसिक तनाव के चलते अपने ही खेत में जामुन के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, देशराज लंबे समय से मानसिक बीमारी से पीड़ित था। बुधवार को वह खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। गुरुवार सुबह परिजनों ने खेत में जाकर देखा तो उसका शव पेड़ से फंदे पर लटका मिला। परिजनों घटना की सूचना बटियागढ़ थाने में दी और बटियागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर थाना प्रभारी रजनी शुक्ला, प्रधान आरक्षक मुकेश दुबे और आरक्षक संकेत तिवारी मौजूद रहे।

### विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

**दमोह।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद राहुल सिंह की अध्यक्षता में 10 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 11.30 बजे कार्यालय कलेक्टर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा बैठक में एजेण्डानुसार चर्चा की जायेगी।

### श्रीमद् भागवत कथा आज से

**दमोह।** शहर के मांगज वार्ड क्रमांक 4 में 10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अप्रैल को दोपहर 3 बजे कलश यात्रा, मंडल कथा एवं बैठक के साथ होगा। इस सप्ताह भर चलने वाली कथा में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वाचन किया जाएगा, जिसमें भक्तों को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से जुड़े संदेश दिए जाएंगे। कथा वाचन श्रीशिव सांई मंदिर के पुजारी प्रसिद्ध कथाव्यास पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज द्वारा किया जाएगा। 17 अप्रैल को प्रातः 8 बजे हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ श्रीमद्भागवत का समापन होगा, वहीं दोपहर 3 बजे से भंडारा प्रसादी का आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### अंकित सोनी के बेटे का स्टेट बैंक में चयन

**हटा।** नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष वार्ड निवासी अनिल सोनी के बेटे अंकित सोनी का भारतीय स्टेट बैंक में सर्किल बेस्ड अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर परिवार समाज व नगर में हर्ष का माहौल व्याप्त है अनिल की बेटी की इस उपलब्धि पर उनके सब चिंता को मित्रों व भाजपाइयों ने बधाई शुभकामनाएं दी। अंकित की पद स्थापना प्रदेश में शहडोल जिले के गोहपारू ब्रांच हुई है।



कलेक्टर ने बटियागढ़ क्षेत्र का किया निरीक्षण

# जूड़ी नदी का होगा गहरीकरण सीवरेज से प्रदूषण का होगा उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के बटियागढ़ ब्लॉक में गहराते जल संकट और ग्रामीणों की निरंतर मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों का सघन निरीक्षण किया। पेयजल की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर कलेक्टर ने न केवल उनकी समस्याएं सुनीं, बल्कि पीएचई और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कोचर ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में पेयजल की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। बंद पड़े सभी हैंडपंपों को तत्काल प्रभाव से ठीक किया जाए। मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। बटियागढ़ सरपंच और ग्रामीणों ने 'धरम की टपरिया' सहित अन्य क्षेत्रों में रह रहे 40-45 परिवारों के लिए पानी की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया। कलेक्टर ने इस समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए 15 दिन के भीतर निराकरण की बात कही। कलेक्टर ने जूड़ी नदी की बदहाली और उसमें गिरते गंदे पानी की समस्या को देखते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इसके गहरीकरण की योजना बनाई है। नदी में मिल रहे नालों के पानी और दुर्गंध को रोकने के लिए बटियागढ़ सीईओ अश्विनी कुमार सिंह को प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए गए। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों और वित्तीय सहायकों का सहयोग लिया जाएगा ताकि इसे बड़े पैमाने पर सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। बटियागढ़ में समस्याओं को लिखित में दर्ज करने के बाद, कलेक्टर का काफिला गूगराकला, सौरई, जलना, इमलिया, डिलोना, गीदन, फुरताल, देवतरा, अन्गौरी टोला, बरी मडियादौ, चौपरा मडियादौ, जागुपुरा, खुटियानी रैपत एवं गर्रवा सहित दर्जनों गांवों में पहुंचा। कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में किसी भी ग्रामीण को पानी के लिए परेशान न होना पड़े। 15 दिनों के भीतर पानी की समस्या का ठोस समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। पेयजल की उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बटियागढ़ तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी, बटियागढ़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, पीएचई विभाग, एवं जल निगम विभाग सहित सरपंच सचिव और स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

पुलिस ने किया मामला दर्ज, आरोपी की कर रही तलाश

# जनपद सदस्य ने 14 वर्षीय नाबालिग से किया दुष्कर्म, पीड़िता हुई गर्भवती

**हटा।** अनुविभाग के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 वर्षीय नाबालिक के साथ जनपद सदस्य के द्वारा दुष्कर्म की घटना घटित की गई है जिसके बाद वह गर्भवती हो गई। घटना की जानकारी बुधवार को सामने आई जब नाबालिक के पेट में दर्द हुआ तो उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने मगरोन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता को महिला थाने भेजा। डाक्टरी परीक्षण के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। डाक्टरों ने पीड़िता को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मगरोन थाना प्रभारी बीएल पटेल ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत कक्षा आठवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई है। पीड़िता 5 माह की गर्भवती है। नाबालिग ने जनपद सदस्य पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। घटना करीब पांच माह पुरानी है। थाना प्रभारी के अनुसार पीड़िता ने अपने परिजनों को तत्काल घटना की जानकारी नहीं दी और जब वह गर्भवती हो गई तब बुधवार को उसके पेट में दर्द हुआ। तब उसने परिजनों को घटना की पूरी जानकारी दी। परिजन थाने पहुंचे जिसके बाद उसे महिला थाने दमोह भेजा गया। वहां मामला दर्ज होने के बाद जिला अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया गया। जिसमें पांच माह के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। आरोपी पर पास्को एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है आरोपी अभी फरार है। एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया की रात में पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में जीरो पर मामला दर्ज कर पीड़िता को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वह पांच माह के गर्भ से है।आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है। गांव के लोगों के बताएं अनुसार आरोपी शादीशुदा हैं जिसकी उम्र करीब 50 वर्ष है वह शादीशुदा है। उसके बेटों के भी बच्चे हो चुके हैं। इसके बावजूद भी उसने नाबालिक के साथ इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## दमोह जिला अस्पताल में पहली बार हुआ नेत्रदान

**दमोह।** जिला चिकित्सालय दमोह में पहली बार नेत्रदान संपन्न हुआ। मृतक कामता प्रसाद पिता मुरारी प्रसाद, उम्र 45 साल, मड़िया (पटेरा) निवासी के भाई मनोज दाहिया एवं पत्नि की इच्छानुसार मृतक के नेत्र दान की सहमति जताई, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय, आईसीयू टीम एवं बीएमसी सागर नेत्र विभाग की टीम के संयुक्त प्रयास से नेत्र दान की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। मृत्यु के 4 घंटे के अंदर नेत्र दान किया जाता है, अतः उक्त संयुक्त टीम के सफल प्रयास से निर्धारित समयावधि में नेत्र दान संपन्न किया गया। कलेक्टर सुधीर कोचर, सीएमएचओ डॉ. राजेश अठ्या ,सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, डॉ. दिवाकर पटेल का विशेष मार्गदर्शन रहा। संयुक्त टीम में सागर से डॉ. पूर्वा एवं बीएमसी टीम तथा दमोह से डॉ. राकेश राय, शैलेश अहिरवाल एवं दीप्ति जोशी की मौजूदगी रही। डॉ. राजेश अठ्या ने कहा कि जीते जी रक्त दान एवं मृत्यु बाद नेत्रदान ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने जनता से अपील की है कि मृत्यु के तुरंत बाद परिजन जिला चिकित्सालय में सूचित करें जिससे कि नेत्र दान की प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में संपन्न की जा सके।

# किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी में दिया धरना



**दमोह।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय कृषि उपज मंडी में दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक जिले भर से आए हुए कांग्रेस जनों एवं किसान साथियों ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के विरोध में धरना एवं ज्ञापन देकर अपना विरोध महा महिमा राज्यपाल के समक्ष दर्ज कराया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल एवं किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दीवान अमर सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से बताया की गेहूं के उपार्जन की तिथि को तीन बार बदलने से किसने की कमर टूट चुकी है। अभी तक समर्थन मूल्य पर खरीदी ना होने से किसानों के घरों के निजी खर्च शादी विवाह एवं बैंकों की देनदारी समय पर न होने से किसान दिल्प डिफाल्टर एवं ओवरड्यू की श्रेणी में आ गए हैं जिसकी भरपाई शासन स्तर से करने की मांग ज्ञापन में की गई है इस अवसर पर पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व जिला अध्यक्ष रत्नचंद जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि किसानों को अपना हितेषी बताने वाली भाजपा की सरकार किसानों का खून चूस रही है। 27रू समर्थन मूल्य की बात करने वाली भाजपा सरकार मात्र 40रू.का बोनस देकर किसानों के साथ मजाक कर रही है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गोलु सराफ, डालचंद, बसंत कुशवाहा ,रजनी ठाकुर, कमला निषाद ने भाजपा की करनी कथनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन प्रभारी नितिन मिश्रा एवं कार्यालय प्रभारी बीरेंद्र ठाकुर ने किया कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष गण समस्त मोर्चा संगठन एवं किसान साथियों की उपस्थिति रही अंत में समस्त कांग्रेस जनों ने खरीदी केंद्र में जाकर किसानों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया एवं हो रही समस्याओं से एसडीएम को अवगत कराया।

# विविध आयोजन कर मनाया विश्व णमोकार महामंत्र दिवस



**दमोह।** 9 अप्रैल को विश्व नवकार दिवस के रूप में मनाने के लिए जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह के समस्त वीर बंधुओं के आव्हान पर दमोह जैन एवं सभी धर्म के धर्मावलंबी जन, सभी ने एक साथ मिलकर णमोकार मंत्र का अखण्ड जाप, नगर के सर्वधर्म स्थल बेलाताल पार्क, पर कर, विश्व णमोकार दिवस मनाया गया। दमोह नगर की सम्पूर्ण जन मानस ने, पूर्ण रूप से समर्थन किया। एवं सभी जन मानस को इस दिन पर पंजीकरण करवाने हेतु प्रेरित किया गया। इसकी गूंज प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुँचाने का प्रयास किया। और इस पवित्र नवकार महामंत्र से सम्पूर्ण विश्व में शांति हो, एवं 'वैश्विक मान्यता' मिले। यह सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत को संजोने का अवसर है। आइए मिलकर इस दिवस को आधिकारिक रूप से स्थापित करें।

### बड़े बाबा जी के चरणों में गूंजे णमोकार महामंत्र के स्वर



**दमोह।** विश्व शांति एवं विश्व कल्याण की भावना से विश्व के देशों में एक साथ णमोकार महामंत्र का सामूहिक उच्चारण विश्व णमोकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल 2026 को प्रातः 8:01 पर प्रारंभ हुआ ।सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में भी पूरे विश्व की मंगल कामना ,समस्त विश्व में शांति स्थापना की मंगल भावना के साथ विश्व वंदनीय संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्यानिधि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से सामूहिक णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। इस अवसर पर कुण्डलपुर कार्यालय परिसर में समस्त कुण्डलपुर स्टाफ द्वारा सामूहिक णमोकार मंत्र का पाठ किया गया ।प्रबंधक मोतीलाल जैन, उपप्रबंधक एन के जैन के साथ संतोष जैन, रविंद्र जैन ,जयकुमार जैन ,राजेश जैन ,प्राशुक ,शशांक श्रेयांश ,संदेश सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। प्रचारमंत्री जयकुमार 'जलज' ने जानकारी देते हुए बताया पूज्य बड़े बाबा मंदिर परिसर में भी पूज्य बड़े बाबा के चरणों में महामंत्र णमोकार का सामूहिक जाप किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति के साथ ब्र.अरुण भैया कटंगी, संजय भैया मुरैना, सचिन भैया, अनिल , रविंद्र, आदित्य ,विपिन, अनिकेत, लालचंद, अभिषेक, बालचंद पुजारी की उपस्थिति रही। सिद्धचक्र महामंडल विधान के समापन पर बड़े बाबा महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ (हवन) का आयोजन के साथ विश्व में शांति स्थापना की भावना के साथ णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ किया गया। सायंकाल पुनः सामूहिक णमोकार महामंत्र का पाठ, भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती संपन्न हुई।

रेलवे पुलिस के प्रयासों से मिला आर्थिक संबल

# दिवंगत एएसआई के परिवार को मिली 1 करोड़ की सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश के दमोह में रेलवे पुलिस में पदस्थ रहे दिवंगत एएसआई महेश कोरी के परिवार को बड़ी आर्थिक राहत प्रदान करते हुए एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया। यह सहायता पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत दी गई है। लंबे समय से चल रही प्रशासनिक प्रक्रिया और वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष प्रयासों के बाद यह सहायता राशि स्वीकृत हुई, जिससे दिवंगत अधिकारी के परिवार को आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार मिला है। जानकारी के अनुसार, रेलवे पुलिस उप महानिरीक्षक सिमाला प्रसाद के निर्देशन में इस मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही थी। संबंधित दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण कराने, बैंकिंग औपचारिकताओं को पूरा करने और योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर विशेष प्रयास किए गए। अंततः गुरुवार 09 अप्रैल को दमोह रेलवे स्टेशन परिसर स्थित जीआरपी सहायता केंद्र में स्वर्गीय एएसआई महेश कोरी की पत्नी अन्नपूर्णा तंतुवाय को एक करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया। गौरतलब है कि एएसआई महेश कोरी की 31 अगस्त 2025 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद जीआरपी थाना प्रभारी एच.एल. चौधरी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को संपूर्ण घटनाक्रम से अवगत कराया था। साथ ही परिजनों को त्वरित राहत दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। विभाग द्वारा प्रारंभिक सहायता उपलब्ध कराई गई और बाद में पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत बड़ी सहायता राशि स्वीकृत कराने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्यक्रम के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। दिवंगत एएसआई महेश कोरी की पत्नी अन्नपूर्णा तंतुवाय ने सहायता राशि मिलने पर विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सहायता से परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। उनके साथ उनके पुत्र साहिल कोरी और पुत्री मुस्कान भी मौजूद रहे।इस अवसर पर जीआरपी सूबेदार रविंद्र कुमार सिंह, एएसआई शेख जुम्मन, प्रधान आरक्षक लल्लू पांडे, आरक्षक धीरज यादव सहित जीआरपी सहायता केंद्र का स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों ने दिवंगत एएसआई महेश कोरी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। रेलवे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस सैलरी पैकेज योजना का उद्देश्य ड्यूटी के दौरान या सेवा में रहते हुए दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में परिवार को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य के तहत दिवंगत एएसआई महेश कोरी के परिवार को यह सहायता राशि प्रदान की गई है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि स्वर्गीय महेश कोरी ने सेवा काल में निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उनकी आकस्मिक मृत्यु से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। ऐसे में विभाग का दायित्व है कि उनके परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाए।एक करोड़ रुपये की इस सहायता राशि से परिवार को न केवल आर्थिक मजबूती मिलेगी, बल्कि बच्चों की शिक्षा, पारिवारिक आवश्यकताओं और भविष्य की योजनाओं को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। स्थानीय स्तर पर भी इस सहायता को सराहनीय कदम माना जा रहा है और पुलिस विभाग की संवेदनशील पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# ठीक तरीके से गणना को कराया जाये ताकि सरकार आगे की योजना को मूर्त रूप दे सके -राज्यमंत्री

### पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दमोह में दमयंती व्याख्यान माला शुभ गणना-जन गणना कार्यक्रम सम्पन्न



**दमोह।** जनगणना का उद्देश्य जनता तक ये बात पहुँचे कि ठीक तरीके से गणना को कराया जाये ताकि सरकार आगे की योजना को मूर्त रूप दे सके, योजना बना सके जिससे आगे आने वाले 10 साल में हमें क्या-क्या इस जनसंख्या के लिए या इतने घरों के लिए क्या-क्या योजना बनाना पड़ेगा। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने शासकीय पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दमोह में आयोजित दमयंती व्याख्यान माला शुभ गणना-जन गणना के दौरान कही। दमयंती व्याख्यान माला का शुभांरभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण से किया गया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा आज से शुभ गणना और जनगणना का जो शुभारंभ किया। अभी मकानों की गणना की शुरुआत हुई है। जनगणना तो 2027 में प्रारंभ होगी। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने देश में हुई जनगणना के सबंध में विस्तार से बताते हुए कहा अब जनगणना 2027 में होने वाली हैं, इसके संबंध में आज आप व्याख्यानमाला में जानकारी प्राप्त करेंगे। जनगणना दो प्रकार से नई है, इसमें पहली बार ऐसा हो रहा है कि सभी को अपनी स्व-जनगणना करने का मौका मिलेगा। जो व्यक्ति अपनी जनगणना स्वयं करना चाहते हैं वे ऑनलाइन स्व-गणना कर पाएँगे और उसके बाद में जो लोग बचेंगे, प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे बताया जनगणना डिजिटल रूप में हो रही है। इस बार फॉर्म नहीं भरना पड़ेगा, मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रगणक जानकारी को भरेंगे और डिजिटल रूप से यह हमारी जनगणना का काम होगा। जिला परियोजना समन्वयक मुकेश द्विवेदी ने कहा जनगणना प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण के तहत 1 मई से 30 मई के बीच मकानों का सूचीकरण और गणना की जाएगी। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के प्रत्येक व्यक्ति की विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। उन्होंने दमयंती व्याख्यान माला में अपनी बातें विस्तार से रखी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, जनपद सदस्य संगीता श्रीधर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, नरेन्द्र दुबे, पंकज हर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, मीडियाजन मौजूद रहे।

## खेत में करंट लगने किसान की मौत

**बटियागढ़** थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां खेत में काम कर रहे एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नन्ने अहिरवार (55 वर्ष), निवासी आलमपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे, तभी अचानक बिजली के केबल की चपेट में आ गए। करंट इतना तेज था कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के तुरंत बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बटियागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक, खेत में फैले बिजली के केबल में अचानक करंट आ गया, जिससे यह हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि केबल में करंट कैसे प्रवाहित हुआ। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कॉलेज एवं मंदिर के पास कलारी खोले जाने का विरोध, उग्र आंदोलन की तैयारी



**जबेरा।** जबेरा नगर में इस समय शराब दुकान के नवीन ठेकेदार के द्वारा नगर जबेरा में B शराब की दुकान जिसे कॉलेज एवं गंगा माई मंदिर के पास खोले जाने की तैयारी चल रही है, जिसका कि निर्माण कार्य भी चल रहा है उसी के विरोध में भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ठाकुर ने तहसील कार्यालय जबेरा पहुंचकर के तहसीलदार के नाम एक लिखित आवेदन दिया , आवेदन के साथ में सरपंच का प्रस्ताव भी संलग्न है तथा ग्राम वासियों के हस्ताक्षर युक्त एक पत्र भी है । जिसमें समस्त ग्राम वासियों की मांग है कि यह शराब दुकान कॉलेज एवं मंदिर के पास नहीं खुलना चाहिए क्योंकि यह पूरा क्षेत्र रहवासी क्षेत्र भी है । रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान न खोलने के प्रशासन के स्पष्ट निर्देश हैं। परंतु जबेरा में आबकारी अधिकारी एवं ठेकेदार की मिली भगत से ऐसा हो रहा है, अगर वहां पर दुकान खुलेगी तो उग्र आंदोलन होगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

लो.नि./निविदा/2026/39 — *तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना* — हटा, दिनांक 08/04/2026

एतद् द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है, इस हेतु प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_498733_1 09-04-2026 | बुल फ्रंट एवं बैक एण्ड लोडर क्रय (दिये गये स्पेशिफिकेशन अनुसार) | 1- 01 माह 2- 6.45 लाख | 1- 2000.00 2- 6500.00 | 20-04-2026 |

नोट :- (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।(2) निविदाकार अपनी दरे जी.एस.टी सहित प्रस्तुत करें पृथक से जी.सी.टी. का भुगतान नहीं किया जावेगा। देयक से नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह